Ontario

समाचार विज्ञप्ति

Ministry of Finance

ओंटारियो की सुरक्षा के लिए एक योजना

ओंटारियो का 2026 का शरदकालीन आर्थिक वक्तव्य कर्मचारियों की सुरक्षा, प्रमुख उद्योगों को मज़बूत बनाने और भविष्य में अच्छे वेतन वाली नौकरियाँ सुनिश्चित करने के प्रयासों को जारी रखता है।

समाचार

29 अक्टूबर, 2026

टोरंटो — आज, वित्त मंत्री Peter Bethlenfalvy ने 2026 *ओंटारियो आर्थिक और राजकोषीय समीक्षा: ओंटारियो की सुरक्षा के लिए एक योजना* जारी की, जो ओंटारियो के कर्मचारियों, व्यवसायियों और समुदायों की सुरक्षा करने के साथ-साथ G7 में सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी, सुदृढ़ और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था बनाने की सरकार की योजना को आगे बढ़ाती है। सरकार प्रमुख टैरिफ़ से प्रभावित उद्योगों को मज़बूत बनाने में निवेश कर रही है और साथ ही ओंटारियो की प्रतिस्पर्धात्मकता को बेहतर बना रही है, ताकि उन्नत विनिर्माण, महत्वपूर्ण खनिजों के खनन और रिफ़ाइनिंग (शोधन), कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस), रक्षा (डिफेंस) और अन्य रणनीतिक क्षेत्रों में अच्छे वेतन वाली नौकरियाँ आकर्षित की जा सकें।

अमेरिका की लगातार जारी व्यापार संबंधी कार्रवाइयों, भू-राजनीतिक अस्थिरता और वैश्विक अर्थव्यवस्था की व्यापक अनिश्चितता के कारण ओंटारियो के कर्मचारियों, परिवारों और व्यवसायियों को अब भी गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इन चुनौतियों के बावजूद, ओंटारियो की राजकोषीय योजना बदलती परिस्थितियों के अनुसार कदम उठाने की लचीलापन बनाए रखती है और साथ ही उन प्राथमिकताओं में निवेश जारी रखती है, जो परिवारों और समुदायों के लिए सबसे अधिक मायने रखती हैं। इन बाहरी कारकों को ध्यान में रखते हुए, *2026 ओंटारियो आर्थिक और राजकोषीय समीक्षा* में प्रस्तुत ओंटारियो का राजकोषीय परिदृश्य 2029-30 तक संतुलित बजट हासिल करने का मार्ग दर्शाता है।

मंत्री Bethlenfalvy ने कहा, “कनाडा पर अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ़ के कारण ओंटारियो को लगातार गंभीर आर्थिक अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन हमारी सरकार के पास कर्मचारियों, व्यवसायियों और समुदायों की सुरक्षा करने के साथ-साथ भविष्य के लिए एक मज़बूत अर्थव्यवस्था बनाने की योजना है।” “ज़िम्मेदार राजकोषीय प्रबंधन के माध्यम से, हम भविष्य की नौकरियों को आकर्षित करने के लिए प्रांत के प्रमुख उद्योगों को मज़बूत बना रहे हैं, महत्वपूर्ण सार्वजनिक सेवाओं की सुरक्षा कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में बढ़ती अनिश्चितता के बीच भी हमारा प्रांत प्रतिस्पर्धी बना रहे।”

ज़िम्मेदार राजकोषीय प्रबंधन और लक्षित निवेशों के माध्यम से, ओंटारियो घरेलू आर्थिक अवसरों को मज़बूत कर रहा है, आंतरिक व्यापार की बाधाओं को कम कर रहा है, कर्मचारियों और रोज़गार सृजित करने वालों को सहायता दे रहा है, अपनी 210 अरब डॉलर ($210 बिलियन) की पूँजीगत योजना के तहत महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे में निवेश कर रहा है, और बदलती आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक लचीलापन बनाए रख रहा है। सरकार की राजकोषीय योजना ओंटारियो की अर्थव्यवस्था के दीर्घकालिक विकास और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देते हुए आगे बढ़ने का एक टिकाऊ मार्ग बनाए रखती है।

2026 के शरदकालीन आर्थिक वक्तव्य की प्रमुख बातों में शामिल हैं:

- ओंटारियो की बहु-वर्षीय कर कार्य योजना के तहत ओंटारियो प्रतिस्पर्धात्मकता कर कटौती (Ontario Competitiveness Tax Cut) के माध्यम से प्रांत की प्रतिस्पर्धात्मकता को मज़बूत बनाना। इस उपाय के तहत प्रांत में 8 अरब डॉलर ($8 बिलियन) की कर राहत दी जाएगी, जो कि संघीय सरकार द्वारा घोषित उत्पादकता मेगा कटौती का प्रांतीय हिस्सा है, जो व्यवसायियों को विभिन्न प्रकार की परिसंपत्तियों के कुल मूल्य का 100 प्रतिशत हिस्सा तुरंत बट्टे खाते में डालने की स्थायी अनुमति देकर व्यावसायिक निवेश की लागत कम करेगी। संघीय कानून पारित होने के बाद, इस उपाय से प्रांत में कम से कम 11 अरब डॉलर ($11 बिलियन) का अतिरिक्त पूँजी निवेश आकर्षित होने का अनुमान है, साथ ही इससे 30,000 नई नौकरियाँ पैदा होंगी और सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में 6 अरब डॉलर ($6 बिलियन) की वृद्धि होगी। *2026 के बजट* में शामिल त्वरित बट्टा कटौती के उपायों के साथ मिलकर, इससे व्यावसायिक निवेश को समर्थन देने के लिए ओंटारियो की कुल कर राहत पाँच वर्षों में 12 अरब डॉलर ($12 बिलियन) से अधिक हो जाएगी।
- प्रांत के इस्पात, ऑटोमोटिव और महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्रों को मज़बूत बनाने के लिए 8.7 अरब डॉलर ($8.7 बिलियन) की नई कनाडा-ओंटारियो कार्ययोजना के माध्यम से ओंटारियो के औद्योगिक आधार को लगातार सुदृढ़ करना तथा रोज़गार और निवेश आकर्षित करना। यह योजना अमेरिकी टैरिफ़ से प्रभावित कर्मचारियों और व्यवसायियों की सुरक्षा करने, प्रमुख उद्योगों के आधुनिकीकरण में सहायता देने, महत्वपूर्ण खनिजों के विकास की संभावनाओं को साकार करने और उन्नत विनिर्माण, रक्षा, ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन तथा रणनीतिक बुनियादी ढाँचे सहित भविष्य के उद्योगों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए ओंटारियो को तैयार करने में मदद करेगी। घरेलू आपूर्ति श्रृंखलाओं को मज़बूत करके, बाज़ार के अवसरों का विस्तार करके और बड़े निवेशों को समर्थन देकर, ओंटारियो एक अधिक प्रतिस्पर्धी, सुदृढ़ और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था का निर्माण कर रहा है।

- नियामक बोझ कम करके और व्यवसायियों के लिए अनुमोदन प्रक्रिया तेज़ करके, G7 की सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए अनावश्यक प्रशासनिक प्रक्रियाओं को कम करना। इसमें तीन वर्षों के दौरान प्रांत के व्यवसायियों से संबंधित सभी 375 परमिटों की समीक्षा करने की प्रतिबद्धता शामिल है, साथ ही इसका लक्ष्य सन् 2028 के अंत तक इनमें से 35-50 प्रतिशत परमिटों को समाप्त करना, उनकी प्रक्रिया को सरल बनाना या उनमें बदलाव करना है। पहले वर्ष में ही, सरकार ने व्यवसायों से संबंधित 375 परमिटों में से 51 प्रतिशत की समीक्षा कर ली है साथ ही समीक्षा किए गए परमिटों में से 65 प्रतिशत को समाप्त कर दिया गया है, उनकी प्रक्रिया सरल बनाई गई है या उनमें बदलाव किया गया है। ओंटारियो परमिट जारी करने की प्रक्रिया में लगने वाले समय में लगभग 2,20,000 दिनों की कटौती भी कर रहा है, जिससे महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं को तेज़ी से पूरा करने और श्रमिकों की आवाजाही को सुगम बनाने में मदद मिलेगी।
- अप्रैल 2025 से अब तक कर्मचारियों और व्यवसायियों को टैरिफ़ से राहत और सहायता देने के लिए लगभग 30 अरब डॉलर ($30 बिलियन) की घोषणाएँ करके तेज़ी से कदम उठाए गए हैं, जिनमें दीर्घकालिक आर्थिक मज़बूती और समृद्धि को बढ़ावा देने के उपाय भी शामिल हैं। इसमें 1 अप्रैल से लेकर 1 अक्टूबर, 2025 तक छह महीने की ऐसी अवधि शामिल है, जिसके दौरान चुनिंदा प्रांतीय स्तर पर प्रशासित करों पर कोई ब्याज या जुर्माना नहीं लगेगा, इससे लगभग 80,000 व्यवसायियों को 9 अरब डॉलर ($9 बिलियन) तक की नकदी संबंधी राहत उपलब्ध होगी, जिससे उन पर वित्तीय दबाव कम करने में मदद मिलेगी। सरकार ने ओंटारियो टुगेदर ट्रेड फंड (Ontario Together Trade Fund - OTTF) और प्रोटेक्ट ओंटारियो फाइनेंसिंग प्रोग्राम (Protect Ontario Financing Program - POFP) के लिए पात्रता का दायरा भी बढ़ाया है, ताकि व्यवसायियों को आवश्यक सहायता मिल सके और वे अपने प्रतिष्ठान खुले रख सकें, कर्मचारियों को काम पर बनाए रख सकें तथा अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को वापस कनाडा में स्थापित कर सकें।
- हाल के संघीय संवर्द्धन के समानांतर ओंटारियो रिसर्च एंड डेवलपमेंट टैक्स क्रेडिट (Ontario Research and Development Tax Credit) और ओंटारियो इनोवेशन टैक्स क्रेडिट (Ontario Innovation Tax Credit) के तहत योग्य व्यय के रूप में पूँजीगत व्यय को फिर से पात्र व्यय के रूप में शामिल करके अनुसंधान और विकास के लिए सहायता बढ़ाना। अनुमान है कि इससे अगले तीन वर्षों में 50 मिलियन डॉलर ($50 मिलियन) से अधिक की अतिरिक्त कर सहायता मिलेगी, जिससे लगभग 700 व्यवसायियों के लिए अनुसंधान और विकास (R&D) की लागत कम करने में मदद मिलेगी।

- ज़िम्मेदार राजकोषीय प्रबंधन तथा सरकारी दक्षता में सुधार, निगरानी व्यवस्था को मज़बूत करने और प्रशासनिक बोझ कम करने के निरंतर प्रयासों के माध्यम से करदाताओं के पैसे का उचित उपयोग सुनिश्चित करना। सरकार के उपायों में प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों और सेवाओं की समीक्षा करना शामिल है, ताकि कार्यकुशलता बढ़ाने, गलतियों, संसाधनों की बर्बादी, दुरुपयोग और धोखाधड़ी को कम करने, निवेश के परिणामों में सुधार करने तथा यह सुनिश्चित करने के अवसरों की पहचान की जा सके कि संसाधनों का उपयोग ओंटारियो के परिवारों और व्यवसायियों को उच्च गुणवत्ता वाली सार्वजनिक सेवाएँ प्रदान करने पर केंद्रित हो।
- ओंटारियो कंप्यूटर एनीमेशन एंड स्पेशल इफेक्ट्स (Ontario Research and Development Tax Credit - OCASE) टैक्स क्रेडिट के लिए पात्रता नियमों को अपडेट करने का प्रस्ताव देकर ओंटारियो के फ़िल्म और टेलीविज़न क्षेत्र को सहायता देना। सहायता प्रक्रिया को अधिक सुव्यवस्थित बनाने और 18 प्रतिशत के रिफ़ंड योग्य कॉर्पोरेट आयकर क्रेडिट तक पहुँच आसान करने के लिए, सरकार इस क्रेडिट की पात्रता को केवल फ़िल्म और टेलीविज़न निर्माताओं तक सीमित करने का प्रस्ताव रख रही है। इस प्रस्तावित दृष्टिकोण से पात्रता संबंधी नियम कनाडा के अन्य प्रांतों और क्षेत्रों के नियमों के अधिक अनुरूप होंगे और ओंटारियो में विशेष प्रभावों तथा एनीमेशन से जुड़ी गतिविधियों को लगातार सहायता मिलती रहेगी।

महत्वपूर्ण तथ्य

- लगातार बनी हुई आर्थिक अनिश्चितता के बावजूद, ओंटारियो की अर्थव्यवस्था में वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है, सन् 2026 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में 0.5 प्रतिशत और 2027 में 1.5 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है।
- ओंटारियो की राजकोषीय योजना में अतिरिक्त सावधानी बरती गई है, ताकि लचीलापन बनाए रखा जा सके और चुनौतीपूर्ण आर्थिक परिस्थितियों से निपटा जा सके। घाटा 2026–27 में 16.9 अरब डॉलर ($16.9 बिलियन), 2027–28 में 12.7 अरब डॉलर ($12.7 बिलियन) और 2028–29 में 6.7 अरब डॉलर ($6.7 बिलियन) रहने का अनुमान है। इसके बाद 2029–30 में बजट फिर से संतुलित हो जाएगा।
- ओंटारियो के वानिकी क्षेत्र को सहायता देने के लिए 90 मिलियन डॉलर से अधिक का निवेश किया जा रहा है, ताकि उसकी प्रतिस्पर्धात्मकता और नवाचार को मज़बूत बनाया जा सके। इसके साथ ही, पूरे प्रांत में लकड़ी के दीर्घकालिक उपयोग को सुरक्षित रखने और बढ़ाने वाली वन बायोमास परियोजनाओं के लिए $86 मिलियन से अधिक की सहायता दी जा रही है।
- ओंटारियो अपने ऋण के बोझ को प्रबंधित करने में लगातार प्रगति कर रहा है, साथ ही यह अनुमान है कि पूर्वानुमान अवधि के दौरान शुद्ध ऋण और GDP का अनुपात सरकार के 40 प्रतिशत के लक्ष्य से नीचे बना रहेगा।
- 2026–27 में 12.5 अरब डॉलर ($12.5 बिलियन) से अधिक की सहायता प्रदान करके परिवारों और व्यक्तियों के खर्चों को कम रखना, जिसमें आवास, शिक्षा, सार्वजनिक परिवहन और परिवहन व्यवस्था, ऊर्जा को किफ़ायती बनाने, बाल देखभाल और पारिवारिक लाभों तथा कमज़ोर वर्गों को सहायता देने के लिए किए जाने वाले निवेश शामिल हैं।

- सरकार इस नवंबर में परामर्श प्रक्रिया शुरू करेगी, ताकि *2027 के बजट* और ओंटारियो की सुरक्षा, अर्थव्यवस्था के विकास, महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे के निर्माण तथा बेहतर सेवाएँ प्रदान करने की अपनी योजना के अगले चरण को तैयार करने में मदद मिल सके।

अतिरिक्त संसाधन

2026 ओंटारियो आर्थिक परिदृश्य और राजकोषीय समीक्षा – ओंटारियो की सुरक्षा के लिए एक योजना पढ़ें।

ओंटारियो की सुरक्षा के लिए एक योजना की मुख्य बातें पढ़ें।

पृष्ठभूमि संबंधी जानकारी: आर्थिक और राजकोषीय सिंहावलोकन को पढ़ें

2026 ओंटारियो का बजट पढ़ें: *ओंटारियो की सुरक्षा के लिए एक योजना पढ़ें*

मीडिया संपर्क

Sarah Chapin
मंत्री Bethlenfalvy का कार्यालय
Sarah.Chapin@ontario.ca

Scott Blodgett
संचार शाखा
Scott.Blodgett@ontario.ca

news.ontario.ca/mof/en
Disponible en français